जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 08.01.2025

साइबर क्राइम थाना, जनपदीय सोशल मीडिया सेल व बेलहरकला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का आयोजन कर साइबर क्राइम के बारे मे किया गया जागरुक

आज दिनांक 08.01.2025 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री केशवनाथ*** के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना ***श्री आलोक सोनी*** व ***थाना बेलहरकला पुलिस*** के नेतृत्व में श्री रामनरेश चौधरी इंटर कॉलेज कृषक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामवापुर सरकारी थाना बेलहरकला जनपद कबीर नगर में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार चौधरी व समस्त अध्यापकगण के साथ समस्त छात्र / छात्रों को डिजिटल वॉरियर्स बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा डिजिटल वॉरियर्स के क्या काम होंगे जैसे अफवाहों को रोकना, अफवाहों को खंडन करना, सोशल मीडिया पर ऐसे फेक न्यूज़ जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं उनका खंडन करना, सोशल मीडिया के किसी भी सूचना को बिना जाने समझे शेयर ना करना पुलिस के कार्यों को प्रोत्साहित करना। इसके लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक द्वारा जारी किए गाइडलाइन के अनुसार डिजिटल वॉरियर्स बनाए जा रहे हैं इसके साथ-साथ साइबर क्राइम जागरूकता जिसमें खास तौर से डिजिटल हाउस अरेस्ट जैसे कॉन्सेप्ट के बारे में बताया गया कि हम कैसे साइबर क्राइम से इस नए प्रकार के साइबर क्राइम से बच सके इसके साथ ही साथ नारी सशक्तिकरण अभियान व महिला संबंधी अपराधों के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी छात्र / छात्राओं को सशक्तिकरण संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे- 1090,1076, 1098, 181, 112, 102, 108, 1930 व थाने का सी0यू0जी0 नंबर 9454404316 को संकट के समय में उपयोग करने हेतु बताया गया।

दबिश के दौरान 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम **में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा** वारण्टी नाम पता 01. नन्द कुमार सिंह उर्फ नन्दकिशोर सिंह उर्फ नन्दा सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह 02. अतुल कुमार सिंह उर्फ नमन सिंह पुत्र नन्द कुमार सिंह उर्फ नन्दा सिंह निवासीगण शिवशंकरपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री विनोद कुमार यादव, का0 मनीष प्रभात।

थाना बखिरा पुलिस द्वारा वारण्टी नाम पता इस्माइल पुत्र मुनौव्वर निवासी देवपुर थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री शम्भू राम, हे0का0 रमेश मिश्रा।

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 03 अभियुक्त गिरफ्तार

- *थाना दुधारा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 140 वाहनों से 1,49,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 08.01.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 140 वाहनों से 1,49,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 07 स्थानो पर लगवाये गये 32 सीसीटीवी कैमरे

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे ***आपरेशन त्रिनेत्र*** हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में आज दिनांक 08.01.2025 को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 07 स्थानो पर 32 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। थाना धनघटा पुलिस द्वारा 01 स्थानो पर 06 कैमरा, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 01 स्थानो पर 04 कैमरा, थाना दुधारा पुलिस द्वारा 01 स्थानो पर 02 कैमरा, थाना मेहदावल पुलिस द्वारा 03 स्थान पर 12 कैमरा, थाना महुली पुलिस द्वारा 01 स्थानो पर 08 कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियो को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।